संख्या : 06/XIII(II)/2012-19(05)/2012

प्रेषक,

भास्करानन्द,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

मुख्य परियोजना निदेशक,
जलागम प्रबन्ध निदेशालय,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

कृषि एवं विपणन अनुभाग-2 देहरादून : दिनांक : 04 ~~दिसम्बर~~ जनवरी, 2013

विषयः **अन्तर्राष्ट्रीय कृषि विकास निधि (IFAD) पोषित Integrated Livelihood Support Project (ILSP) के क्रियान्वयन हेतु राज्य, मण्डल एवं जिला स्तरीय कार्यालयों की स्थापना के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या 1010/5-29(ए)(2012-13) दिनांक 20.11.2012 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय कृषि विकास निधि (IFAD) द्वारा वित्त पोषित Integrated Livelihood Support Project (ILSP) के क्रियान्वयन हेतु जलागम प्रबन्ध निदेशालय के अधीनस्थ विभिन्न स्तरीय कार्यालयों की स्थापना का प्रस्ताव उपलब्ध कराते हुए शासन का अनुमोदन चाहा गया है।

2. तत्क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वर्तमान में उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना (UDWDP-ग्राम्या) फेज-1' के अन्तर्गत पूर्व से स्थापित कार्यालयों/प्रभागों में से ILSP के संचालन हेतु निम्नानुसार कार्यालयों की स्थापना की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(ILSP) 2 4/1/13

क्र. सं.	स्तर	कार्यालय का नाम	मुख्यालय	सम्पादित किये जाने वाले कार्य	अभ्युक्ति
1-	राज्य स्तर	परियोजना निदेशक, ILSP	देहरादून	ILSP एवं शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य।	जलागम निदेशालय के कार्यालय भवन में ही स्थापित होगा।
2-	मण्डल स्तर	क्षेत्रीय परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन, गढ़वाल	मुनि की रेती (टिहरी)	ILSP, SLEM परियोजना एवं शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य।	परियोजना निदेशक, गढ़वाल क्षेत्र, मुनिकीरेती में पूर्व से स्थापित कार्यालय भवन में।
3-	मण्डल स्तर	क्षेत्रीय परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन, कुमायूँ	हल्द्वानी (नैनीताल)	ILSP, SLEM परियोजना एवं शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य।	परियोजना निदेशक, कुमायूं क्षेत्र, हल्द्वानी में पूर्व से किराये के भवन में स्थापित कार्यालय भवन में।
4-	जिला स्तर	उप परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन, टिहरी	चम्बा (टिहरी)	ILSP एवं शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य।	उप परियोजना निदेशक,विकासनगर कार्यालय को चम्बा स्थानान्तरित कर नये कार्यालय की स्थापना।

कार्यालय मुख्य परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून
पंजीकृत सं. 1880
फाईल सं. IFAD
दिनांक 04/1/2013

क्रमशः...

5–	जिला स्तर	उप परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन, रूद्रप्रयाग	रूद्रप्रयाग	ILSP एवं शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य।	उप परियोजना निदेशक,अगस्त्यमुनि कार्यालय को रूद्रप्रयाग स्थानान्तरित कर नये कार्यालय की स्थापना।
6–	जिला स्तर	उप परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन, पौड़ी	पौड़ी	ILSP एवं शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य।	उप परियोजना निदेशक, गैरसैण कार्यालय को पौड़ी स्थानान्तरित कर नये कार्यालय की स्थापना।
7–	जिला स्तर	उप परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन, नैनीताल	हल्द्वानी (नैनीताल)	ILSP एवं शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य।	उप परियोजना निदेशक, नैनीताल के हल्द्वानी में पूर्व से किराये के भवन में स्थापित कार्यालय भवन में।
8–	जिला स्तर	उप परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन, चम्पावत	चम्पावत	ILSP एवं शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य।	उप परियोजना निदेशक, लोहाघाट कार्यालय को चम्पावत स्थानान्तरित कर नये कार्यालय की स्थापना।
9–	जिला स्तर	उप परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन, पिथौरागढ़	पिथौरागढ़	ILSP एवं शासन/निदेशालय द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य।	उप परियोजना निदेशक, पिथौरागढ़ के पूर्व से किराये के भवन में स्थापित कार्यालय भवन में।

3. परियोजना निदेशक, ILSP का कार्यालय जलागम प्रबन्ध निदेशालय का ही अंग होगा जो मुख्य परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्ध निदेशालय के दिशा–निर्देशन में कार्य करेगा।

4. ILSP का क्रियान्वयन जलागम प्रबन्ध निदेशालय एवं UDWDP (ग्राम्या फेज–1) के लिए स्वीकृत पदों के सापेक्ष कार्यरत/तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा ही किया जायेगा।

5. SLEM परियोजना के संचालन एवं ILSP परियोजना के क्षेत्र चयन/सत्यापन व आधारभूत सूचनाओं के संकलन/संचालन हेतु 'ग्राम्या' फेज–1 परियोजना के अन्तर्गत स्थापित प्रभागों के मध्य कार्य विभाजन संबंधी शासनादेश संख्या 246/XIII(II)/2012–19(05)/2012 दिनांक 02.11.2012 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाएगा।

6. उपरोक्तानुसार निर्देशों के क्रियान्वयन हेतु यथाआवश्यक प्रशासकीय आदेश अपने स्तर से निर्गत करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(भास्करानन्द)
सचिव।